POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 01.12.2022

#यूपी-112 के रेस्पान्स टाईम में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर एक बार फिर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर काबिज, 16वी बार बना नम्बर वन।

पूरे प्रदेश के यू0पी0-112 के रेस्पान्स टाईम में जुलाई 2021 से लगातार कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर प्रथम स्थान पर ही रहा है। माह नवम्बर, 2022 में पूरे प्रदेश के यू0पी0-112 के रेस्पॉन्स टाईम में कमिश्नरेट-गौतमबुद्धनगर द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है, इससे पूर्व भी 15 माह से लगातार कमिश्नरेट-गौतमबुद्धनगर प्रथम स्थान पर रहा है। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 437 इवेन्ट प्राप्त होते है। कमिश्नरेट-गौतमबुद्धनगर से डायल-112 से 65 चार पहिया पीआरवी व 50 दो पहिया पीआरवी द्वारा पहुँचकर कॉलर को त्वरित सहायता प्रदान की जाती है। कमिश्नरेट-गौतमबुद्धनगर में नवम्बर माह में कुल 13,138 सूचनाऐं प्राप्त हुई, जिन पर पीआरवी द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुँचकर त्वरित सहायता प्रदान की गई। महिलाओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये, कमिश्नरेट-गौतमबुद्धनगर में 06 महिला पीआरवी, हाईवे पर सुरक्षा एवं त्वरित रेस्पॉन्स के लिये 04 पीआरवी ईस्टर्न-पेरीफेरल तथा 02 पीआरवी यमुना-एक्सप्रेस-वे पर संचालित रहती है। माह नवम्बर में कमिश्नरेट-गौतमबुद्धनगर के शहरी क्षेत्र में पीआरवी का ऐवरेज रेस्पॉन्स टाइम 05 मिनट 18 सेंकेण्ड एवं देहात क्षेत्र में पीआरवी का रेस्पॉन्स टाइम 06 मिनट 19 सेकंड तथा कमिश्नरेट-गौतमबुद्धनगर का एवरेज रेस्पॉन्स टाइम 05 मिनट 58 सैंकेण्ड रहा। पीआरवी की उत्तम कार्यशैली व तकनीकी सहायता तथा जल्द से जल्द कॉलर को पूर्ण रूप से सहायता प्रदान करने के लिये पीआरवी कर्मियों को समय-समय पर 18 दिवसीय फ्रेशर कोर्स तथा प्रत्येक 06 माह के अन्तराल में सभी पीआरवी कर्मियों को 09 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स कमिश्नरेट-गौतमबुद्धनगर की पुलिस लाइन में सम्पन्न कराया जाता है। वर्तमान में पुलिस लाइन में दिनाँक 22.11.2022 से 09 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स कमिश्नरेट-गौतमबुद्धनगर में संचालित है।

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने 03 बार 'पीआरवी ऑफ दा डे' का खिताब प्राप्त किया है, विवरण निम्नवत् है।

1. दिनाँक 17.11.2022 को थाना बीटा-2 के अन्तर्गत गस्त के दौरान पीआरवी कर्मियों ने देखा, कि एक व्यक्ति बेहोश अवस्था में रोड़ के किनारे पड़ा हुआ है। पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्परता से बेहोश व्यक्ति को पानी पिलाकर होश में लाया गया। जो अपना नाम दपता बताने में असमर्थ है। पीआरवी कर्मियों ने व्यक्ति को अपने साथ अस्पताल ले जाकर उसका उपचार कराया। पीआरवी कर्मियों ने आस-पास के लोगों की मदद से घर की जानकारी कर व्यक्ति को सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया।

2.दिनांक 19.11.2022 को थाना जेवर क्षेत्रान्तर्गत एक कंटेनर अनियंत्रित होकर आगे खड़े ट्रक में टक्कर मारकर एक्सीडेंन्ट कर दिया है। की सूचना पर पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर ट्रक चालक व हेल्पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में ट्रक में फंसे हुए है, को ट्रक से बाहर निकालकर पीआरवी कर्मियों द्वारा ईलाज हेतु कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। जिसकी सूचना स्थानीय थाने व परिजनों को दी गयी।

3.दिनांक 23.11.2022 को थाना दनकौर क्षेत्रांन्तर्गत कॉलर द्वारा निर्धारित पॉइंन्ट पर गश्त के दौरान पीआरवी कर्मियों ने देखा, कि एक डस्टर गाड़ी नंबर यूपी 16 एएन 8300 में सवार कुछ व्यक्ति पेरीफेरल पर खड़े एक एक्सीडेंटल ट्रक से तेल निकाल रहे थे।

पीआरवी कर्मियों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए, उक्त व्यक्तियों के पास पहुँचे,तो उक्त बदमाश भागने लगे, जिस पर पीआरवी कर्मियों ने अपना बचाव करते हुए, बदमाशों का पीछा किया तो बदमाश अँधेरे का फायदा उठाकर गाड़ी को मौके पर छोड़कर भाग गये। पीआरवी कर्मियों द्वारा उक्त गाड़ी व तेल चोरी करने वाले उपकरण को अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना दनकौर के सुपुर्द किया गया। जिसके संबध में थाना दनकौर पर मु0अ0सं0-399/22 धारा-379,411,307,427 भा0द0वि0 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

1-थाना सेक्टर 63 नोएडा पुलिस द्वारा, नकली चाइना मेड आई फोन को अलीबाबा वेबसाइट से असली आइफोन के स्टीकर व डब्बों में पैक कर धोखाधडी करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 60 नकली आई फोन, 01 डस्टर कार, नकद 04 लाख 50 हजार रूपये व फर्जी आधार कार्ड बरामद।

दिनांक 30.11.22 को थाना सेक्टर 63 पुलिस द्वारा अभियुक्त 1.ललित त्यागी उर्फ प्रशांत प्रियदर्शी उर्फ मोनू पुत्र नरेश मिश्रा निवासी आरएच 19 लेन वन आमगोला पड़ाव पोखर थाना मिठनपुरा जिला मुजफ्फरनगर बिहार वर्तमान पता फ्लैट नंबर 1103 टावर चीयर्स सिक्का कामना ग्रीन्स सेक्टर 143 थाना सेक्टर 142 गौतमबुद्धनगर 2.अभिषेक कुमार पुत्र धर्मवीर सिहं निवासी पवनी थाना रायपुर जिला सौनभ्रद वर्तमान पता रश्मी निवास भरतपूरम कालोनी सुसवाही थाना लंका वाराणसी 3.रजनीश रंजन पुत्र विजय कुमार शर्मा निवासी ग्राम मखदूम पुर थाना मखदूमपुर जिला जहानाबाद बिहार वर्तमान पता ग्राम छपरौली थाना एक्सप्रेस वे नोएडा गौतमबुद्धनगर को बहलोलपुर अंडर पास के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तो के कब्जे से 60 नकली आई फोन, एक डस्टर कार, 04 लाख 50 हजार रूपये नकद, फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए है।

विवरणः-

अभियुक्तों द्वारा फर्जी आधार कार्ड पर फर्जी फर्म रजिस्टर्ड कराकर, नकली चाईना मेड आई फोन को सस्ते दामो मे दिल्ली से लाकर व आई फोन के डब्बे, सील व स्टीकर आदि को अलीबाबा वेबसाइट से आनलाईन खरीदकर व उनको पैक कर नोएडा में असली आई फोन 13 के दाम पर बेचकर लोगो से ठगी करना तथा सी 59 सेक्टर 63 मे फर्जी एक्सचेंज को संचालित कर भारत सरकार को करोडो रुपये की राजस्व हानि पहुचाना। 12 हजार का नकली आई.फोन व 4500 रू0 का आई.फोन का डिब्बा , 1000 रू0 का स्टीकर , कुल कीमत 17,500 रू0 का बनाकर 53,000 हजार रूपये में बचते थे इस आई.फोन की मूल कीमत लगभग 66,000 रूपये है ।

अभियुक्तों का विवरणः

1.ललित त्यागी उर्फ प्रशांत प्रियदर्शी उर्फ मोनू पुत्र नरेश मिश्रा निवासी आरएच 19 लेन वन आमगोला पड़ाव पोखर थाना मिठनपुरा जिला मुजफ्फरनगर बिहार वर्तमान पता फ्लैट नंबर 1103 टावर चीयर्स सिक्का कामना ग्रीन्स सेक्टर 143 थाना सेक्टर 142 गौतमबुद्धनगर।

2. अभिषेक कुमार पुत्र धर्मवीर सिहं निवासी पवनी थाना रायपुर जिला सौनभ्रद हाल पता रश्मी निवास भरतपूरम कालोनी सुसवाही थाना लंका वाराणसी

3.रजनीश रंजन पुत्र विजय कुमार शर्मा निवासी ग्राम मखदूम पुर थाना मखदूमपुर जिला जहानाबाद बिहार हाल पता ग्राम छपरौली थाना एक्सप्रेसवे नोएडा गौतमबुद्धनगर

पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरणः

1.मु0अ0सं0 434/22 धारा 419/420/467/468/471/34/406 भादवि थाना सेक्टर 63 नोएडा गौतमबुद्धनगर

2.मु0अ0सं0 354/22 धारा 420,120बी भादवि धारा 4,20,21,25 भारतीय तार अधिनियम थाना सेक्टर 63 नोएडा गौतमबुद्धनगर

बरामदगी का विवरण-

1. 60 नकली आई फोन

2. एक डस्टर कार (धारा 207 एम0वी0 एक्ट मे सीज)

3. नकद 04 लाख 50 हजार रूपये

4. फर्जी आधार कार्ड

2-थाना सेक्टर 113 नोएडा पुलिस द्वारा, 24 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए 05 माह के बच्चे का अपहरण करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, बच्चा सकुशल बरामद।

दिनांक 01.12.2022 को थाना सेक्टर 113 पुलिस द्वारा 05 माह के बच्चे का अपहरण करने वाला अभियुक्त रिन्टू पुत्र मण्डल निवासी पलासी पाडा थाना पलासी पाडा जिला मुर्शिदाबाद पं0 बंगाल वर्तमान निवासी झुग्गी झोपडी बंगाली मार्केट सेक्टर 73 नोएडा को एपेक्स एल्फाबेट सेक्टर 01 ग्रेटर नोएडा झुग्गी झोपडियों से गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से वादी के पुत्र समीर उम्र 05 माह अबोध बालक की सकुशल बरामदगी की गयी है।

दिनांक 30.11.2022 को वादी निवासी झुग्गी झोपडी बंगाली मार्केट सेक्टर 73 नोएडा ने थाना पर सूचना दी कि पडोस मे रहने वाले रिन्टू पुत्र मण्डल वादी के 05 माह के अबोध पुत्र का अपहरण कर ले गया है, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना सैक्टर 113 पुलिस द्वारा वादी के पुत्र समीर उम्र 05 माह अबोध बालक की सकुशल बरामदगी करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तारी किया गया है।

अभियुक्त का विवरणः

रिन्टू पुत्र मण्डल निवासी पलासी पाडा थाना पलासी पाडा जिला मुर्शिदाबाद पं0 बंगाल हाल निवासी झुग्गी झोपडी बंगाली मार्केट सेक्टर 73 नोएडा गौतमबुद्धनगर।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः

मु0अ0सं0 458/2022 धारा 363 भादवि थाना सेक्टर 113 नोएडा गौतमबुद्धनगर।